आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**21 जून** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- पूरी दुनिया में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के ऐतिहासिक रेडरोड पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में देश का किया नेतृत्व।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में लिया हिस्सा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज और ब्रजेश पाठक लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जारी की किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त। प्रदेश के 2 करोड़ से अधिक किसान हुए लाभान्वित, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया आभार।
- आज देश के पांच सौ इक्यावन शहरों में आयोजित होगी नीट–यूजी पुनर्परीक्षा। सुरक्षा और निगरानी के कड़े इंतजाम।

**********

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आज उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देश ही नहीं, दुनिया भर में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय है–**स्वस्थ आयु के लिए योग**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता के ऐतिहासिक रेडरोड पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य समारोह से देश का नेतृत्व किया। वहां उन्होंने योगाभ्यास कर योग को दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

प्रदेश में भी योग दिवस के अवसर पर सभी जनपदों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ झांसी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और योगाभ्यास कर निरोगी रहने का संदेश देते हुए प्रदेशवासियों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी।

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूरे प्रदेशवासियों को हृदय से बधाई देता हूॅं और आपसभी का मैं बुंदेलखंडवासियों का प्रदेशवासियों का इस अवसर पर अभिनंदन करता हूॅं। हम सब आभारी हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का जिन्होनें भारत की परंपरा को, भारत की विरासत को वैश्विक मान्यता देकर के भारत के लोगों को 140 करोड़ भारतवासियों को दुनिया के अंदर गौरव के साथ आगे बढ़ने और उसकी नीव तक विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए हम सब के लिए एक विजन प्रस्तुत किया है।**

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज और ब्रजेश पाठक लखनऊ में योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों में शामिल हुए। वहीं लखनऊ स्थित जनभवन में इस अवसर पर महिला योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के नेतृत्व में महिलाओं ने योगासन, प्रणायाम और ध्यान का अभ्यास किया।

इसी तरह विभिन्न जनपदों में प्रदेश सरकार के मंत्री और जनप्रतिनिधि योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल हुए। योग दिवस पर विद्यालयों में सामूहिक योगाभ्यास और योग से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये, जहां विद्यार्थियों को योग के शारीरिक और आध्यात्मिक लाभों के बारे में जानकारी दी गयी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल पश्चिम बंगाल के हुगली में तारकेश्वर से पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी की। इसके अन्तर्गत 9 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से लगभग 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गईं। इनमें उत्तर प्रदेश के 2 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए है, जिनके खातों में 4 हजार 352 करोड़ रुपये की राशि पहुंची है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशभर के किसानों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।

***पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी की गई है। देश भर के 9 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में लगभग ₹19 हजार करोड़ सीधे भेजे गए हैं। मैं देश के सभी लाभार्थी मेरे किसान परिवारों को बहुत–बहुत शुभकामनाएं देता हूं।***

प्रदेशभर में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ झांसी से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री योगी ने प्रदेश के किसानों की ओर से इस सौगात के लिये प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि अन्नदाता के परिश्रम, सम्मान और समृद्धि के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है।

प्रदेश के किसानों ने खुशी व्यक्त करते हुए इसके लिये प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। जौनपुर के एक लाभार्थी ने कहा–

***किसानों को बहुत फायदा मिलता है। बीज लेने के लिए, खाद लेने के लिए, जोताई देने के लिए काम आ जाता है। उसके लिए हम प्रधानमंत्री के आभारी हैं। जैसे छोटे–मोटे किसान हैं, उनको फायदा हो जाता है। इससे किसानों को आसान हो जाता है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल ललितपुर में एक हजार 766 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित 221 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड विकास का एक मॉडल बन रहा है। उन्होंने कहा कि हर घर नल योजना बुंदेलखंड में साकार हो रही है। शुद्ध पेयजल लोगों के घरों तक पहुंचाया जा रहा है।

***अब मुझे अच्छा लगता है कि हमारी बहन और बेटियां हमारी माताएं सिर में घड़ा लेकर के नहीं हर घर नल की योजना साकार हो रही है बुंदेलखंड के अंदर। शुद्ध पेय जल उनके घर तक पहुंचाने का काम हो रहा है तो बुंदेलखंड अब एक मॉडल बन रहा है।***

***बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे और उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल सिटी अगर हम कहीं बसाने जा रहे हैं, तो वह भी बुंदेलखंड में बसाने जा रहे हैं।***

श्री योगी ने कहा कि ललितपुर में प्रदेश का पहला फार्मा पार्क विकसित किया जा रहा है।

**आज ललितपुर बदल चुका है। अब ललितपुर के पास अपना मेडिकल कॉलेज भी है। अटल आवास से विद्यालय भी है और अभी 1,500 एकड़ क्षेत्रफल में हम उत्तर प्रदेश का पहला फार्मा पार्क आपके ललितपुर जनपद में बनाने जा रहे हैं।**

**********

मेडिकल प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी की पुनर्परीक्षा आज देश के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा में 22 लाख 69 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक होगी। अभ्यर्थियों को इस बार परीक्षा में 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है। इससे पहले 3 मई को हुई नीट की परीक्षा कथित पेपर लीक विवाद के कारण रद्द कर दी गई थी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने परीक्षा को निष्पक्ष शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से कराने के लिये सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये हैं। सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि पर नजर रखी जायेगी। केन्द्रों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती के साथ पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

प्रदेश में 59 जिलों में नीट की पुनर्परीक्षा होगी। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिये उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल विशेष अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ियां चला रहा है। वहीं प्रवेश पत्र दिखाने पर अभ्यर्थियों को राज्य परिवहन निगम की बसों में किराये में 50 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर  रहा है। इसी कड़ी में आज हम सशक्त भारत के संकल्प को साकार करने वाली सरकार की परिवर्तनकारी पहलों की जानकारी दे रहे है।

***पिछले 12 वर्षों में सरकार ने भारत के हाई–टेक क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने का काम किया है। सशक्त भारत के दो महत्वपूर्ण आधार हैं सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का विकास और स्पेस स्टार्टअप्स की तेजी से बढ़ती संख्या। सरकार की नीतियों और फैसलों से सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सिर्फ योजनाएं ही नहीं बनीं, बल्कि अब निर्माण और डिजाइन से जुड़े कई इकाई भी काम कर रहे हैं। दिसंबर 2021 में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन शुरू किया गया। इसके लिए 76 हजार करोड़ रुपये का बड़ा बजट रखा गया। साल 2026 में सरकार ने सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 शुरू किया, जिसके लिए एक हज़ार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य उद्योगों के सहयोग से रिसर्च और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करना, नई तकनीकों का विकास करना और भविष्य के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करना है।***

***वहीं, भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023 ने निजी कंपनियों को अंतरिक्ष क्षेत्र में पूरी तरह काम करने की अनुमति दी है। इस नीति के बाद भारत में स्पेस स्टार्टअप्स की संख्या 2014 में केवल 1 से बढ़कर आज 400 से अधिक हो गई है। अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

प्रदेश में जनगणना 2027 के पहले चरण के अन्तर्गत मकान सूचीकरण और मकान जनगणना का काम कल शत प्रतिशत पूरा कर लिया गया। पहले चरण में निर्धारित 22 मई से 20 जून 2026 तक घरों की गणना का कार्य सम्पन्न हुआ। राज्य के जनगणना कार्य निदेशालय के अनुसार जनगणना का दूसरा चरण 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक चलेगा, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की गणना होगी। इसी चरण में जातिगणना भी की जायेगी।

**********